प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 41/2025)

तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

"घरेलू पट्टे वाले सर्किट (डीएलसी) के लिए टैरिफ की समीक्षा" पर भादूविप्रा के पूर्व-परामर्श पत्र पर टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि बढ़ाई गई।

नई दिल्ली, 21 मई 2025 – भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने **29 अप्रैल, 2025** को **"घरेलू पट्टे वाले सर्किट (डीएलसी) के लिए टैरिफ की समीक्षा"** पर एक पूर्व-परामर्श पत्र जारी किया था। इस परामर्शी पत्र में हितधारकों से इनपुट/टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि पहले **19 मई, 2025** निर्धारित की गई थी।

2. उपर्युक्त पूर्व-परामर्श पत्र पर एक हितधारक से इनपुट/टिप्पणियां भेजने का समय दो सप्ताह बढ़ाने का अनुरोध प्राप्त हुआ है।

3. उपरोक्त को देखते हुए, इनपुट/टिप्पणियां जमा करने की अंतिम तिथि को **एक सप्ताह** यानी **26 मई, 2025** तक बढ़ाई जाती है ताकि हितधारकों को उत्तर देने के लिए अधिक समय मिल सके।

4. टिप्पणियां ईमेल आईडी advfea2@trai.gov.in पर अधिमानत: इलेक्ट्रॉनिक रूप में भेजी जा सकती हैं।

5. किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए श्री विजय कुमार, सलाहकार (वित्तीय और आर्थिक विश्लेषण), भादूविप्रा से दूरभाष संख्या +91-11-20907773 पर संपर्क किया जा सकता है।

अतुल चौधरी 21/5/25

(अतुल कुमार चौधरी)
सचिव, भादूविप्रा